


आईटीवीपी जवानों के साथ साईकिल चलाते डीएम इन्द्र विक्रम सिंह, एसपी एस आनंद व अधिकारी




जवानों के साथ शहीद पार्क में विक्ट्री का निशान दिखाते नगरायुक्त, एडीएम ई, सीएम, सहायक नगरायुक्त

# शहीदों की कुर्बानी की बदौलत देश में खुशहाली

## 1500 किलोमीटर दूरी तय कर शहीदों की नगरी पहुंची आईटीवीपी जवानों की साईकिल यात्रा, फूलों से स्वागत

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी के अन्तर्गत आईटीवीपी के जवानों की साईकिल यात्रा शहीदों की नगरी में शहीद उद्यान पहुंची।

डीएम इन्द्र विक्रम सिंह, एसपी एस आनंद, नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा,एडीएम ई रामसेवक द्विवेदी, सहायक नगरायुक्त रश्मि भारती, अंगद सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, एएसपी सरवणन टी सहित अधिकारियों व स्काउट, एनसीसी के जवान साईकिल यात्रा का अभिनंदन फूल-मालाओं से किया, उनके ऊपर गुलाब के फूलों की बारिश भी की गई, साथ ही सहायक नगरायुक्त रश्मि भारती ने तिलक लगाया। आईटीवीपी की टीम को जिला प्रशासन की ओर से शहीदों का चित्र प्रदान किया गया।

असिस्टेंट कमांडेंट आशकर हुसैन के निर्देशन में समस्त जवानों ने जिले के शहीद अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, पं0 रामप्रसाद बिस्मिल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सहित क्रांतिकारियों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। गांधी भवन




शहीदों का चित्र आईटीवीपी जवानों को भेंट करते डीएम



शहीदों को सैल्यूट करते अधिकारी ●शेखर टाइम्स

प्रेक्षागृह में गुरूनानक व सुदामा प्रसाद के छात्राओं ने स्वागत व देशभक्ति गीत प्रस्तुति दी। फिर नगरायुक्त व एडीएम ई के मार्गदर्शन में शहीद उद्यान में जवानों ने वृक्षारोपण किया।

आशकर हुसैन असिस्टेंट कमांडेंट आइटीबीपी ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव है,रैली को आईटीवीपी द्वारा शुरू की गई, 15 अगस्त को ईटा नगर से रैली की शुरूआत हुई थी, जो राजघाट में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी राष्ट्रपिता की जयंती पर सम्पन्न होगी। राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि के स्वरूप देश के चारों तरफ से रैली शुरू की गई ।इस रैली में टीम पार्ट 13 का हैं, तीन अधिनस्त अधिकारी, 10 जवान चले हुए, एडमेस्टेटिव स्टॉफ, सुरक्षा के इंतजाम हैं। उन्होंने कहा कि यहां आकर जिंदगी का बहुत खुबसूरत पल महसूस हो रहा। ग्रैंड




जवानों के साथ पेड़ लगाते नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा, सीएम राजेश कुमार

### वो कार्य करें, देश को गौरव हो

डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि आजादी यूंहि आसानी से नहीं मिली, फ्रीडम फाइटर ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारियों के संघर्षों के बारे में सोचकर एक जज्बा कुछ करने का जाग्रत होता है, उसे ठण्डा न होने दें बल्कि उस जज्बे को आगे बढ़ाते हुए पूरे विश्व में देश का नाम रोशन करें। जब आपके कारण दूसरे देशों में देश का राष्ट्रगान बजेगा तब आप समझेंगे कि आपने भारत के लिए कुछ दिया।

वेलकम से बहुत ज्यादा मनोबल बढ़ा हैं, देश के लिए जिन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति दी, उन वीर सपूतों पर गर्व है ।पूरी रैली में 2000 किलोमीटर की दूरी तय करनी थी, जिसमें अब तक 1500 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि फिटनेस हेल्थ बेल्थ का मैसेज देश में देने की कोशिश की जा रही, आजादी के अमृत महोत्सव में काकोरी काण्ड का नाम बदलकर काकोरी एक्शन नाम किया हैं। वीर सपूतों के बलिदानों को अपने भूलना नहीं चाहिए बल्कि हर बच्चे को उनकी कहानी बताकर देश भक्ति जाग्रत करनी चाहिए।

### वीर सपूत हंसते-हंसते चढ़े फांसी पर

नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि देश के क्रांतिकारियों ने जो कर दिखाया, जिसके बारे में सोचकर गर्व होता । आजादी की लड़ाई लड़ने वाले हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए, लेकिन माथे पर सिकन नहीं थी। भारत के उन वीर सपूतों को सलाम करते हुए कहा कि जीवन में संघर्ष बेहद जरूरी है। बाहर से आए जवानों में मोहित कुमार, कुलदीप कुमार, कुलदीप, जितेन्द्र सिंह, सुनील, मनीष आदि हैं, डीआईओएस शौकीन सिंह यादव, दपिंदर कौर, निकहत परवीन सहित संचालन इन्दु अजनवी ने किया।

**जनता में एकता का संदेश देने निकली यात्राः**-एसपी एस आनंद ने कहा कि जनता में एकता संदेश देने के लिए इस साईकिल यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने एक जुट होकर कार्य करें, जातिवाद का भेद खत्म कर दें, स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारियों ने एक जुटता दिखाई, जिसके कारण देश स्वतंत्रता हैं और आजाद की सांस दे पा रहे हैं।